भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2893

जिसका उत्तर दिनांक 15.12.2021 को दिया जाना है

केकेएनपी पर निर्माण कार्य

2893. श्री डी. एम. कथीर आनन्द :
डॉ.टी. सुमति (ए) तामिझाची थंगापंडियन :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एनपीसीआईएल ने कुडनकुलम में कुडनकुलम परमाणु विद्युत संयंत्र-3 और 4 तथा कलपक्कम में फास्ट रिएक्टर फ्यूल साइकिल फैसिलिटी परियोजना (एफआरएफसीएफ) के निर्माण कार्यों में तेजी की है; और

(ख) यदि हां, तो इनकी वर्तमान स्थिति क्या है और उक्त परियोजनाओं के पूरा होने में अनुमानित कितना समय लगेगा ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) तथा (ख) जी, हां । न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) द्वारा क्रियान्वित केकेएनपीपी 3 तथा 4 (2X1000 MW) ने नवंबर, 2021 को 54.96 की वास्तविक प्रगति प्राप्त कर ली है । यूनिट केकेएनपीपी 3 तथा 4 परियोजना के क्रमशः मार्च 2023 और नवंबर 2023 तक पूरा होने की प्रत्याशा है । द्रुत रिएक्टर ईंधन चक्र सुविधा (एफआरएफसीएफ) परियोजना को वर्तमान में नाभिकीय पुनर्चक्रण बोर्ड, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है । 30 नवंबर 2021 को परियोजना की वित्तीय प्रगति 32% है और परियोजना के दिसंबर 2027 तक पूरा होने की प्रत्याशा है ।

* * * * *